प्रो0 विनय कुमार पाठक
कुलपति
Prof. Vinay Kumar Pathak
Vice-Chancellor

डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय
उत्तर प्रदेश, लखनऊ
Dr. A.P.J. ABDUL KALAM TECHNICAL UNIVERSITY
Uttar Pradesh, Lucknow

पत्रांक:अ0क0प्रा0वि0 / कुप0का0 / 2018 / 9732
दिनांक : 21.08.2018

प्रिय महोदय,

विश्वविद्यालय में पिछले वर्षों की तरह इस वर्ष भी 05 सितम्बर, 2018 शिक्षक दिवस को "**शिक्षक सम्मान समारोह**" का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर प्राविधिक शिक्षा के क्षेत्र में आपके महत्वपूर्ण योगदान को देखते हुए विश्वविद्यालय परिवार द्वारा आपको सम्मानित करने का निर्णय लिया गया है। शिक्षक दिवस पर विश्वविद्यालय में सायं. 4.00 बजे **"प्राविधिक शिक्षा और समस्याएं"** शीर्षक पर एक गोष्ठी का आयोजन भी किया जा रहा है जिसमें मुख्यतया छात्रों के प्राविधिक शिक्षा में घटते रूझान, उनकी बेरोजगारी की समस्या एवं प्राविधिक शिक्षा के क्षेत्र में इनोवेशन पर चर्चा होगी। आपसे निवेदन है कि आप उक्त समय पर विश्वविद्यालय के जानकीपुरम विस्तार स्थित परिसर में आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह में उपस्थित होने की कृपा करें एवं गोष्ठी में प्रतिभाग कर प्राविधिक शिक्षा के क्षेत्र में अपने अनुभवों से सभी का मार्ग दर्शन करें तथा रात्रि 7.00 बजे सांस्कृतिक संध्या एवं रात्रि भोज में आप सपरिवार पधारने की कृपा करें।

सादर,

भवदीय,

**( प्रो0 विनय कुमार पाठक)**
कुलपति

प्रतिष्ठा में,
प्रो0 भरत राज सिंह
महानिदेशक
स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज, लखनऊ

Sector-11, Jankipuram Extension Yojna, Lucknow-226 031 (U.P.) India, Website : www.aktu.ac.in
Office : +91 522 2772194 Fax : +91 522 2772189 E-mail : vc@aktu.ac.in, vinay@vpathak.in